नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 203 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, सोमवार 30 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





संसदीय सचिव की पहल पर परसवानी में सप्ताह में एक दिन.. पेज -3 पर





अखण्ड सौभाग्यवती व्रत वट सावित्री आज, जानें क्या है महत्व पेज -4 पर


## एक नजर

### झूले में 30 फीट की ऊंचाई पर फंसे 20 लोग



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में शनिवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। डिज्नी मेले में लगे हथौड़े झूले में 20 लोग करीब 30 फीट ऊंचाई पर आधे घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान हवा में उल्टे लटके लोगों के साथ उनके परिजनों की सांसे भी थमी रहीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद झूले को नीचे लाकर लोगों की जान बचाई। इसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बुधवारी बाजार से रिकांडो बाइपास मार्ग पर डिज्नी लैंड मेला लगा हुआ है। इसी मेले में कई बड़े-बड़े झूले भी लोगों के लिए लगाए गए हैं। शनिवार रात वीकेंड होने के चलते बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचे थे। रात करीब 9 बजे लोग मेले में लगे हथौड़ेनुमा झूले में लोग बैठे हुए थे। शुरुआत में तो झूला ठीक चल रहा था, लेकिन फिर अचानक ऊपर जाकर हवा में अटक गया। इसके चलते अंदर बैठे लोगों का सिर नीचे और पैर ऊपर हो गया।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत का स्वप्न साकार होने लगा- सरोज पाण्डेय

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने बुथ पर पहुँची राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय

**दुर्ग।** केंद्र मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कि नेतृत्व में भाजपा सरकार के 8साल पूरे होने के एक दिन पूर्व आज प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जाने वाली मन की बात सुनने राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय बुथ पर पहुची जंहा सिकोला भाठा पटरी पर मंडल के तहत वार्ड 19 कैलाश नगर तितुरडीह के बुथ क्रमांक 44 में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओ व आम नागरिकों के बीच पीएम मोदी जी द्वारा बताए जा रही बातो को सुना इस दौरान पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी जिला मंत्री दिनेश देवांगन मंडल अध्यक्ष लुकेश बघेल महामंत्री देवनारायण चंद्राकर सुनील अग्रवाल पार्षद कांशीराम



कोसरे तेखन सिन्हा स्वरूपलता पांडेय अभिषेक टण्डन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे इससे पूर्व राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय के वर्षो बाद तितुरडीह क्षेत्र पहुचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ व महिलाओं ने बाजे गाजे के साथ स्वागत कर आरती उतार कर तिलक रोली किया तपश्चात प्रधानमंत्री जी को सुनने सरोज पांडेय ने आम महिलाओ के बीच बैठकर मन की बात सुनी।





### नेशनल अचीवमेंट सर्वे में बुरी तरह पिछड़ा छत्तीसगढ़

# मंत्री प्रेमसाय टेकाम को बर्खास्त करें, शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो गया- बृजमोहन

रायपुर। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण) 2021 की रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की हालत कुछ ठीक नहीं आई है। यह सर्वे स्कूली स्टूडेंट्स के विषयों पर किया जाता है।



इस सर्वे में बच्चों की अलग-अलग विषयों में उनकी परफॉर्मेंस देखी जाती है। सर्वे से पता चला कि भाषा और गणित जैसे विषयों में छत्तीसगढ़ के स्टूडेंट पिछड़ गए हैं। देश के अन्य राज्यों के मुकाबले छत्तीसगढ़ अलग-अलग विषयों में कहीं 32वें तो कहीं 34वें नंबर पर है। पिछले साल नवंबर के महीने में यह सर्वे 1,15,995 बच्चों पर किया गया था। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया है। रिपोर्ट के बाहर आते ही इस मामले पर सियासत शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि मौजूदा शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम को अब बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों की वजह से ही प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क हो रहा है। बृजमोहन ने दावा किया कि शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम पर कांग्रेस के विधायक ही लेनदेन का आरोप लगा चुके हैं।

#### क्या है नेशनल अचीवमेंट सर्वे

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे केंद्र सरकार की ओर से कराया जाता है। इसके जरिए स्कूली शिक्षा में उपलब्धियों को परखा जाता है इसके लिए पूरे देश से सैंपल लिए जाते हैं। जिसके आधार पर कक्षा तीसरी, पांचवी, आठवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धियों को परखा जाता है। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करके सर्वे के आधार पर स्कूली शिक्षा के लिए नई नीतियां बनाकर सुधारात्मक प्रक्रिया की जाती है।

#### सर्वे में छत्तीसगढ़ की बुरी स्थिति

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने नवंबर 2021 में सर्वेक्षण कराया था। नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2021 की रिपोर्ट जारी होते ही शिक्षा गुणवत्ता की कलई खुल गई। रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बच्चों ने सभी प्रमुख विषयों जैसे भाषा, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण और विज्ञान जैसे विषयों में राष्ट्रीय औसत अंक से काफी कम अंक हासिल किए हैं। छत्तीसगढ़ के कक्षा तीसरी के बच्चों को भाषा में 500 में से औसतन 301 अंक मिले हैं। जबकि देश का औसत अंक 323 है। इस सर्वे रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ 34वें नम्बर पर है। छत्तीसगढ़ गणित में 32वें, पर्यावरण विषय मे 34वें नम्बर पर है।

### टाटामारी में टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर प्रारंभ

# मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह बहनों से कराया सेंटर का शुभारंभ

रायपुर। कोण्डागांव जिले में पर्यटन सुविधाओं की जानकारी देने के लिए टाटामारी में आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में स्व सहायता समूह बहनों ने टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर का लोकार्पण किया।



#### मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट एवं लोगो का हुआ विमोचन

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस सेंटर का निर्माण लगभग 25.36 लाख रूपए की लागत से किया गया है। इस टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर में प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का भी बनाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट पर केन्द्रीत पुस्तिका और लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने टाटामारी में बनाए गए टूरिस्ट इंफोर्मेशन सेंटर का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन द्वारा कोण्डागांव जिले में पर्यटन संभावनाओं की जानकारी दी गई। टाटामारी के बिहान कैंटीन में कार्यरत महिला समूह की अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं सदस्य जयंती ध्रुव के हांथों मुख्यमंत्री ने टाटामारी के टूरिज्म इनफॉरमेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ कराया। ज्ञात हो कि कोंडागांव जिले में अपार पर्यटन की संभावनाओं के दोहन और स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया जा रहा है। इसके लिए 03 दिन एवं 02 रातों का पर्यटन पैकेज तैयार किया गया है।

### रायपुर को स्वच्छतम शहर बनाने महा अभियान

# नगर निगम के साथ कई एन जी ओ जुटे तालाब सफ़ाई में

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर के आह्वान पर स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर को पहचान दिलाने नगर निगम द्वारा संचालित महा अभियान में आज दूसरे रविवार को भी कई एन जी ओ अपनी भागीदारी निभाते हुए तालाबों की सफाई में जुटे।





अपने गोद लिए वार्ड में एन जी ओ ने जागरूकता कार्यक्रम का संचालन भी किया जिसमें वार्ड पार्षद, स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।। रविवार की सुबह नगर निगम के जोन व स्वच्छता टीम के साथ रिटायर्ड सैनिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, गीला सूखा कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का उपयोग रोकने भी आम लोगों को जागरूक किया गया। इस महाअभियान में एन जी ओ ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर ने अमलीडीह जोन देवपुरी वार्ड में पौधों का रोपण किया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारे खड़े भारी वाहनों से बढ़ा खतरा

**जगदलपुर ।** शहर के आसपास सड़कों के किनारे वाहनों को खड़ी करने के कारण होने वाली समस्याओं से निजात के लिए ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने तथा बस स्टैंड परिसर में बेतरतीब खड़ी गाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही का फैसला कई बार लिया जा चुका है, लेकिन शहर से बाहर जाने वाले हर रास्ते के दोनों ओर दर्जनों कबाड़ वाहन या चालू वाहन खड़े रहते हैं। सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति शहर से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो किनारे पर खड़ी भारी वाहनों से किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। कुछ मौकों पर ऐस खड़े वाहनों से टकरा कर कुछ बाइक सवारों ने अपनी जान भी गंवाई है।

### रायपुर में लग सकती है धारा 144

# सराफा कारोबारियों ने कहा-शहर के भीतर रैली पर प्रतिबंध लगाएं, कलेक्टर ले सकते हैं फैसला

रायपुर। रायपुर शहर के सराफा कारोबारियों ने जिला प्रशासन से शहर के भीतर 144 की धारा लागू करवाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि शहर के अंदर रैली और जुलूस से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती है और आम लोगों को दिक्कत होती है।



माना जा रहा है कि इस मामले पर अब रायपुर के कलेक्टर जल्द ही फैसला ले सकते हैं।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार में रैली जुलूस या किसी भी तरह की शोभा यात्रा निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

मालू ने बताया कि लोगों के जुलूस या रैली प्रदर्शन की वजह से शहर की इन प्रमुख सड़कों पर दिनभर जाम की स्थिति बनती है ।

#### धरना स्थल पर भी नियम लागू

हाल ही में रायपुर शहर से धरना स्थल शिफ्ट किए जाने की मांग ने भी जोर पकड़ा था । इसे देखते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने आदेश जारी किया, जिसके तहत अब बूढ़ापारा के धरना स्थल पर 100 से अधिक लोग विरोध प्रदर्शन करने पहुंच रहे हैं। अब व्यापारी धरना स्थल के चारों ओर से आने वाली सड़कों पर रैली और जुलूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं।

### लाईसेंस... छत्तीसगढ़ में अब स्मार्ट होगा ड्राइविंग लाइसेंस

# सभी DL और RC पॉलिकार्बोनेट पर, क्यूआर कोड स्कैन करते ही खुलेगी ड्राइवर और वाहन की कुंडली

रायपुर। इस तकनीक को पहले के चिप आधारित तकनीक से आसान बताया जा रहा है। चिप की सूचनाओं को पढ़ने के लिए कई बार अधिकारियों के पास संसाधन उपलब्ध नहीं थे।



छत्तीसगढ़ में ड्राइविंग लाइसेंस अब अधिक स्मार्ट बनने जा रहा है। अब से बनने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (ऋष्ट) पॉलिकार्बोनेट पर बनाए जाएंगे। इस पर एक क्यूआर कोड होगा। इसको स्कैन करते ही वाहन और ड्राइवर की पूरी कुंडली, मोबाइल के स्क्रीन पर खुल जाएगी। अधिकारियों ने बताया, केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 2019 में इस तरह के दस्तावेज जारी करने के लिए एक अध्यादेश निकाला था। उसी नियम के तहत छत्तीसगढ़ के परिवहन विभाग ने हाल ही में निविदा प्रक्रिया संपन्न की है। यह योजना 17 मई से प्रदेश स्तर पर प्रारंभ की गई है। ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के प्रिंटिंग का काम रायपुर के पंडरी स्थित परिवहन विभाग के केंद्रीकृत कार्ड प्रिंटिंग एवं डिस्पैच यूनिट में किया जाएगा। गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट अब ऐसा दिखेगा। इसमें गाड़ी, निर्माता और मालिक का पूरा विवरण क्यूआर स्कैन करने पर ही मिल जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार की संकल्पित योजना से इसे भारतीय डाक के माध्यम से आवदेकों के घर पर भेजा जाना है। इस नई व्यवस्था के तहत क्यूआर कोड वाले पॉलीकार्बोनेट ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं। बताया गया, पॉलीकार्बोनेट कार्ड उच्च गुणवत्ता एवं लंबे समय तक चलने वाले होते हैं जिस पर लेजर के माध्यम से प्रिंटिंग की जाती है। बताया जा रहा है कि अभी प्रदेश भर में अभी 60 लाख ड्राइविंग लाइसेंस हैं। वहीं हर साल औसतन 3 से 3.5 लाख लाइसेंस बनाए जाते हैं।

#### कार्ड स्कैन हुआ तो यह पता चलेगा

*क्यूआर कोड वाले ड्राइविंग लाइसेंस में वाहन चालक का नाम, घर का पता, माता-पिता का नाम, वाहन का प्रकार, कार्ड जारी होने की तिथि, कार्ड की वैधता समाप्ति की तिथि, जन्म तिथि, पहचान चिह्न, मोबाइल नंबर, जारीकर्ता अधिकारी का नाम, अंगदान के विकल्प सहित 50 से अधिक विवरण मिल जाएंगे।*

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष

# जून तक बस्तर पहुंचेगा दक्षिण-पश्चिम मानसून

### केरल में मानसून ने दी दस्तक; पिछले साल 9-10 जून तक रायपुर पहुंच गया था

**रायपुर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को केरल में दस्तक दे दी है। इसके साथ ही देश में बरसात का मौसम शुरू हो गया है। अब मानसूनी बादल उत्तर की ओर बढ़ेंगे। इसकी वजह से देश भर में बरसात होगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून सामान्य स्पीड से बढ़ता हुआ 10 जून तक बस्तर सीमा से छत्तीसगढ़ में पहुंचेगा। पिछले साल यानी 2021 में 9-10 जून की रात तक मानसून रायपुर पहुंच चुका था।



मौसम विभाग के मुताबिक मानसून 29 मई को केरल में सेट हो चुका है। वहां इसके आगमन की सामान्य सामान्य तिथि एक जून है। इसका मतलब है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून समय से दो दिन पहले ही केरल में आ गया है।

मौसम विज्ञान विभाग ने शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मानसून 27 मई को ही केरल तट पर पहुंच जाएगा। लेकिन स्थानीय परिस्थितियों की वजह से इसमें दो दिन की देर हुई है। बताया जा रहा है, दक्षिण-पूर्व अरब सागर और केरल के आसपास के क्षेत्रों में बादल छा गए है। पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में भारी बरसात हो रही है। वहां के 14 वर्षा निगरानी स्टेशनों में से 10 स्टेशनों में 2.5 मिमी या उससे अधिक की वर्षा दर्ज हो चुकी है। मौसम विभाग इन्हीं मापदंडों के आधार पर मानसून की घोषणा करता है।

